(ख) इस समय इस कंपनी में कितने व्यक्ति कार्यरत हैं ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) बर्मा-शैल का प्रत्येक पूर्ण-कालिक अधिकारी अथवा अन्य कर्मचारी जिसको बर्मा-शैल (भारत में उपक्रमों का अधिग्रहण) अधिनियम 1976 की घोषणा से पूर्व बर्मा-शैल द्वारा भारत मे नियुक्त किया गया था और बर्मा-शैल का प्रत्येक पूर्णकालिक अधिकारी अथवा अन्य कर्मचारी जो अधिनियम से पूर्व भारत से बाहर किसी अस्थायी पद पर कार्य कर रहा था, वह सरकारी कंपनी का अधिकारी अथवा कर्मचारी बन गया है। इस समय यह कहना उचित नही होगा कि कपनी द्वारा भविष्य मे अनेक व्यक्तियों को रोजगार दिया जायेगा।

(ख) 1-1-1976 को बर्मा-शैल मार्केटिंग और बर्माशैल रिफाइनरीज दोनो मे कुल 4,968 कर्मचारी कार्य कर रहे थे।

मध्य प्रदेश में राक फास्फेट के उर्वरक कारखानों की योजना

1234 श्री भागीरथ भंवर : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री ये बताने की कृपा करेंगे कि क्या मध्य प्रदेश झाबुआ जिले मे उपलब्ध राकफासफेट का उपयोग करके उर्वरक कारखाना स्थापित करने के लिये केन्द्रीय सरकार तथा मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी०सी० सेठी) : इस सबध में जबकि कोई योजना नहीं बनी है, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कोशिश की जानी चाहिए कि देशीय राक-फास्फेट का भारत में फोस्फेट युक्त उर्वरको का उत्पादन करने में अधिकतम संभव मात्रा का प्रयोग किया जाए।

उद्यमी विकास योजना

1235 श्री मूल चंद डागा : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारतीय उर्वरक निगम द्वारा वर्ष 1970-71 मे एक उद्यमी विकास योजना लागू की गई थी ;

(ख) यदि हा, तो योजना के उद्देश्य क्या हैं ;

(ग) उसके अन्तर्गत कितने व्यक्तियो को खाद की बिक्री के परमिट दिये गये थे ; और

(घ) उक्त परमिट देने के आधार क्या थे ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) :

(क) जी हा।

(ख) से (घ) इस योजना का उद्देश्य नवयुवको द्वारा हेतु प्रोत्साहन देना है। उद्देश्य है। 31-9-75 तक शिक्षित बेरोजगारों की श्रणियों मे सबधित 1,386 डीलरों को योजना के अन्तर्गत नियुक्त किया गया है। निम्नलिखित बातों को ध्यान मे रखते हुये इस योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियो का चयन किया गया है --

(i) आवेदक स्नातक हो विशेषकर गाव सबधी जानकारी सहित कृषि विज्ञान मे स्नातक।

(ii) 30 वर्ष से कम आयु का हो।

(iii) वह बेरोजगार हो।